खास-खबरें

संविधान दिवस पर विकसित भारत युवा संवाद आयोजित



सतना । प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शहीद पद्मधर सिंह शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना में संविधान दिवस के अवसर पर विकसित भारत युवा संवाद संविधान दिवस विशेष संस्करण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अखिलेश मणि त्रिपाठी एवं यूथ आइकॉन रचित मिश्रा ने युवाओं को संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकसित भारत की अवधारणा पर संबोधित किया।डॉ. अखिलेश मंडी त्रिपाठी ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार है। यह प्रत्येक नागरिक को अधिकार प्रदान करने के साथ-साथ कर्तव्यों का बोध कराता है। उन्होंने युवाओं से संविधान की मूल भावना को समझने, उसका सम्मान करने तथा अपने जीवन में समानता, न्याय और लोकतांत्रिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। वहीं यूथ आइकॉन रचित मिश्रा ने कहा कि विकसित भारत का वास्तविक अर्थ देश के अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुँचाना तथा प्रत्येक नागरिक की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करना है।

विश्व एड्स दिवस पर एक दिसंबर को निकलेगी जागरूकता रैली

उमरिया। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के निर्देशन में एक दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाएगा। इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम (एड्स का अंत सुलभ पहुंच से शुरू होता है) निर्धारित की गई है। इस अवसर पर जिले में एचआईवी, एड्स के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विश्व एड्स दिवस पर प्रात: 10 बजे जिला चिकित्सालय से जागरूकता प्रभात फेरी एवं रैली निकाली जाएगी, जो जयस्तंभ होते हुए गांधी चौराहे पहुंचेगी। कार्यक्रम के दौरान परिचर्चा के माध्यम से एचआईवी, एड्स से बचाव, उपचार एवं रोकथाम की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही पोस्टर प्रतियोगिता, ओपन क्विज, क्रिकेट स्पर्धा, साइकिल रैली, मानव श्रृंखला तथा अन्य जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस. चंदेल एवं नोडल अधिकारी डॉ. मुकुल तिवारी द्वारा एचआईवी, एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जाएंगी।

राज्यमंत्री ने सुनी आमजनों की समस्यायें

सतना। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने बुधवार को विधानसभा क्षेत्र कार्यालय सतना में आयोजित जनता दरबार में जिले की आम जनता एवं अन्य गणमान्य नागरिक द्वारा प्रस्तुत की गई समस्याओं से रूबरू हुईं। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी द्वारा समस्याओं का निराकरण विभिन्न विभाग से आये अधिकारियों द्वारा कराया गया और जिन समस्याओं का निराकरण शासन स्तर पर किया जाना है। उसके लिये प्रतिवेदन तैयार करने के निर्देश दिये गए।

12 दिसंबर को होगी नेशनल लोक अदालत

देवास। आगामी 12 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों के संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास श्री कपिल मेहता की अध्यक्षता में मुख्यालय देवास के न्यायिक अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मेहता ने नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री मेहता ने कहा कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों को आपसी समझौते के आधार पर विवादों का त्वरित एवं सुलभ समाधान प्राप्त होता है। इसके लिए सभी न्यायिक अधिकारी अधिक से अधिक पात्र प्रकरणों को नेशनल लोक अदालत में रखकर उनके निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत 27को पटपरा में शिविर

सीधी। आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं शासकीय सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत 27 नवंबर 2026 को पटपरा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में संभागायुक्त रीवा संभाग शीलेन्द्र सिंह की उपस्थिति रहेगी।

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर आम नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे तथा प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करेंगे। इसके साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं शासकीय सेवाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। शिविर के माध्यम से नागरिकों को स्थानीय स्तर पर शासकीय सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराने तथा उनकी समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी बनाने का प्रयास किया जाएगा। प्रशासन द्वारा क्षेत्र के नागरिकों से अपील की गई है कि वे शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं आवेदन संबंधित विभागों के समक्ष प्रस्तुत करें तथा मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का लाभ उठाएं।

भारत की पहली डिजिटल जनगणना 25 जनवरी से शुरू होगी

जनगणना का कार्य महत्वपूर्ण है, सभी कलेक्टर्स इसका सुपरविजन करें : मुख्य सचिव



नईदुनिया प्रतिनिधि, रीवा : प्रदेश के मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी में आयोजित जनगणना 2027 अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन में सभी कलेक्टर्स को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना का कार्य महत्वपूर्ण है, मध्य प्रदेश के 55 जिलों में जनगणना का कार्य किया जाएगा यह अपने आप में एक चैलेंज है।

प्रशिक्षण सम्मेलन से सभी जिलों के एसडीएम, आयुक्त नगर निगम, तहसीलदार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण गूगल मीट के माध्यम से जुड़े थे। मुख्य सचिव ने कहा कि जनगणना के कार्य का सभी कलेक्टर सुपरविजन करेंगे। जनगणना का दूसरा चरण जिसमें जनसंख्या की गणना होगी उसका कार्य 25 जनवरी 2027 से शुरू होगा। जनगणना का कार्य पूरी तरह डिजिटल रूप से किया जाएगा। गणनाकर्ता अधिकारी मोबाइल ऐप के माध्यम से आंकड़े जुटाएंगे और नागरिक भी वेब पोर्टल के जरिए ऑनलाइन स्व गणना कर सकेंगे। जनगणना अधिकारी प्रत्येक व्यक्ति के पास पहुंचकर उनके परिवार के सदस्य के नाम, आधार कार्ड नंबर एवं मोबाइल नंबर की जानकारी लेंगे। सभी व्यक्ति को केंद्र द्वारा निर्धारित 40 प्रश्नों के उत्तर जनगणना फॉर्म में भरकर देने होंगे। मुख्य सचिव ने सभी कलेक्टर से कहा कि वह जनगणना के कार्य को पूरी प्राथमिकता देते हुए पूरी गंभीरता से समय सीमा में गुणवत्ता के साथ सुपरविजन करके जनगणना के कार्य को संपन्न कराए।

सभी कलेक्टर जनगणना अधिकारियों के प्रशिक्षण के समय मौजूद रहकर सभी को जनगणना का कार्य बेहतर तरीके से करने के लिए मोटिवेट करें। एक हेड बुक के रूप में सभी निर्देश जारी करें। मुख्य सचिव ने कहा कि जनगणना से कोई भी व्यक्ति ना छूटे। मुख्य सचिव ने सभी संभाग के कमिश्नर को निर्देश दिए कि वह जनगणना कार्य की सतत मॉनिटरिंग करेंगे। अपर मुख्य सचिव गृह श्री संजय शुक्ला ने कहा कि मध्य प्रदेश की टीम जनगणना का कार्य करने के लिए सक्षम एवं तैयार है। जनगणना का कार्य बड़ा है और उद्देश्य स्पष्ट है की जनगणना में सभी व्यक्तियों की जानकारी मिल जाए कोई भी व्यक्ति जनगणना से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि जनगणना अधिकारी अपनी सभी जानकारी को एक बार क्रॉस चेक अनिवार्य रूप से करें। बताया गया कि स्वतंत्रता के बाद यह आठवीं जनगणना है। श्री शुक्ला ने कहा कि भारत की परंपरा समृद्ध एवं गौरवशाली है सभी व्यक्तियों की निजी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। आरटीआई के माध्यम से यदि कोई व्यक्ति अन्य व्यक्ति का डाटा मांगेगा तो भी यह जानकारी किसी को नहीं दी जाएगी । निर्देशक जनगणना श्री संजीव श्रीवास्तव ने कार्यशाला प्रशिक्षण में बताया कि जनगणना में कोई भी व्यक्ति नहीं छूटेंगे, एक जनगणना अधिकारी लगभग 800 लोगों को कवर करेंगे । घर-घर जाकर जानकारी लेंगे । जनगणना से पूर्व सभी गणना अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। हर जिले में दो मास्टर ट्रेनर की नियुक्ति भी की जाएगी और एक सुपरवाइजर रहेंगे । ग्रामीण क्षेत्र में तहसीलदार एवं नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका अधिकारी चार्ज अधिकारी रहेंगे । गणना अधिकारी यदि जनगणना के दौरान कोई चूक करेंगे तो कलेक्टर कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र रहेंगे । श्री श्रीवास्तव ने बताया कि जनगणना का कार्य करने वाले गणना अधिकारियों को राशि का भुगतान भी किया जाएगा , साथ ही सेडमैप से एक टेक्निकल असिस्टेंट की नियुक्ति भी जनगणना कार्य के लिए की जाएगी । श्री श्रीवास्तव ने बताया कि कलेक्टर एवं आयुक्त नगर निगम को जनगणना का व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए राशि भी उपलब्ध कराई जाएगी । सभी एसडीएम अपने अनुभाग में जनगणना की निगरानी रखेंगे। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि जनगणना में हर व्यक्ति का डाटा गोपनीय रखा जाएगा । कोई भी व्यक्ति या गणना अधिकारी डाटा का स्क्रीनशॉट नहीं ले पाएगे और यदि कोई व्यक्ति अन्य व्यक्ति की जानकारी मांगेगा तो उसे जानकारी नहीं दी जाएगी ।

कुंडाल डैम से पानी चोरी पर अवैध मोटर तत्काल जब्त करने के निर्देश



नईदुनिया प्रतिनिधि, रतलाम: कुंडाल डैम से पानी चोरी की शिकायत पर कलेक्टर अजय कटेसरिया ने संबंधित अधिकारियों को अवैध मोटर तत्काल जब्त करने के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय सभागार में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की 'पर मोर क्रॉप' योजना के तहत प्रेशराइज्ड इरिगेशन परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में परियोजना की प्रगति और किसानों को लाभ पहुंचाने की प्रक्रिया पर चर्चा हुई।

कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग को डैम से पानी चोरी रोकने के लिए नियमित निगरानी करने और शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारी और किसान उपस्थित रहे।

प्रेशराइज्ड इरिगेशन परियोजना के तहत रतलाम विकासखंड के पीपलोदी, पीपलोदीखेड़ा, रावदिया, उमरन, बावड़ीखेड़ा, पीपलखूंटा और बिरमावल गांवों के 1803 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। परियोजना से 766 किसानों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। अब तक 374 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 146 कार्यादेश स्वीकृत किए जा चुके हैं।

परियोजना के तहत किसानों को ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर और पोर्टेबल स्प्रिंकलर उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे सिंचाई में आधुनिक तकनीक का उपयोग बढ़ेगा और जल उपयोग की दक्षता में सुधार होगा।

स्लॉट बुकिंग शुरू, एक दिसंबर से 20 जनवरी तक होगा धान उपार्जन

82 केन्द्रों में पर धान उपार्जन

नईदुनिया प्रतिनिधि, रीवा : किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर एक दिसंबर से 20 जनवरी 2027 तक धान का उपार्जन किया जायेगा।

इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि धान के उपार्जन के लिए 82 खरीदी केन्द्र बनाये गये हैं। इस वर्ष धान के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य एफएक्यू कामन धान 2441 रूपये प्रति क्विंटल तथा ग्रेड ए धान 2461 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। धान का उपार्जन हर सप्ताह सोमवार से शुक्रवार से सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक होगा। धान उपार्जन के लिए प्रत्येक खरीदी केन्द्र में नोडल अधिकारी तैनात कर दिये गये हैं। खरीदी की निगरानी के लिए जिला और खण्ड स्तर के अधिकारी तैनात किये गये हैं।

धान उपार्जन के लिए पंजीकृत किसान 25 नवम्बर से स्लाट बुक कर सकते हैं। केवल फार्मर आईडी वाले किसानों को ही स्लाड बुकिंग की सुविधा मिलेगी।

कलेक्टर ने कहा है कि महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक समितियों के माध्यम से सभी खरीदी केन्द्रों में उपार्जन के लिए आवश्यक व्यवस्थायें करें।

खरीदी केन्द्र में आगामी 15 दिवस की धान की आवक की गणना करके उसके अनुरूप बारदाने उपलब्ध करायें। प्रत्येक खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए छाया, पानी और शौचालय की व्यवस्था करें। खरीदी केन्द्र में आसमय वर्षा से उपार्जित धान को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में तिरपाल की व्यवस्था रखें।

खरीदी के बाद धान का तत्काल परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण करायें। गोदाम से स्वीकृत पत्रक तत्काल जारी करायें एवं किसानों को 3 दिन की समय सीमा भुगतान सुनिश्चित करायें। धान के उपार्जन में किसी भी तरह की लापरवाही व गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सभी एसडीएम खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण करके उपार्जन के लिए व्यवस्थायें सुनिश्चित करें।

मानव सेवा कार्यों के साथ सत्यसाईं बाबा का 101वां जन्मोत्सव मनाया

नईदुनिया प्रतिनिधि, गाडरवारा : सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी महोत्सव के आयोजित पावन जन्मोत्सव के समस्त कार्यक्रम भक्तों के सामूहिक प्रयास एवं प्रेम, सेवा और समर्पण भाव से अत्यंत दिव्य, भव्य एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इसमें सर्वप्रथम प्रात:काल 4.40 बजे दिव्य संगीत की धुन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रात: 5.06 बजे दिव्य जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा एवं भक्तिभाव से मनाया गया। इसके पश्चात प्रात: 5.20 बजे ओंकारम् एवं सुप्रभातम, तत्पश्चात नगर संकीर्तन एवं लक्षार्चना का कार्यक्रम भी बहुत ही सुंदर एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। वहीं दिनभर बाबा के दिव्य सान्निध्य में भक्तिमय वातावरण बना रहा। संध्याकालीन कार्यक्रम में वेदपाठ, भजन एवं बाल विकास के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम अत्यंत सुंदर एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए। विशेष रूप से बाल विकास के गुरुओं के सहयोग से सभी बच्चों ने अपनी प्रतिभा, उत्साह एवं भक्ति से मनमोहक और हृदयस्पर्शी प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी भक्तों का मन मोह लिया और कार्यक्रम को विशेष रूप से यादगार बनाया।

इसके पूर्व सत्य साई बाबा के जन्म शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत : वनांचल ग्राम



मल्फी में श्रीसत्यसाई सेवा समिति, गाडरवारा द्वारा वृहद नारायण सेवा एवं नि:शुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन अत्यंत सेवा, प्रेम एवं समर्पण भाव से किया गया।

आयोजन बहुत ही शानदार एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। इस सेवा कार्यक्रम में लगभग 350 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं आयोजित नि:शुल्क मेडिकल कैंप में लगभग 80 से 100 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया गया तथा जरूरतमंदों को नि:शुल्क दवाइयाँ भी वितरित की गईं। इस सेवा कार्य के माध्यम से वनांचल क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएँ एवं भोजन प्रसाद पहुँचाने का प्रयास किया गया। समस्त सेवादल सदस्यों एवं सेवा में सहभागी भक्तों ने प्रेम, सेवा एवं निस्वार्थ भाव से अपना योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। सत्य साईं बाबा का दिव्य संदेश 'मानव सेवा ही माधव सेवा है' इस सेवा कार्यक्रम में चरितार्थ हुआ। यह संपूर्ण सेवा कार्य बाबा चरणों में श्रद्धा एवं प्रेमपूर्वक समर्पित किया गया।

संपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में सभी सेवादल युवाओं, महिला सेवादल, पुरुष सेवादल, बाल विकास के गुरुओं एवं बच्चों तथा समस्त साईं भक्तों का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। सभी के सामूहिक प्रयास, निस्वार्थ सेवा, प्रेम एवं भगवान के प्रति अटूट समर्पण के कारण पूरा कार्यक्रम अत्यंत दिव्य, पवित्र, अनुशासित एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ।

देवास के शासकीय कार्यालयों में संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन, अधिकारियों-कर्मचारियों ने लिया संकल्प

नईदुनिया प्रतिनिधि, देवास: संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय सहित जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया गया। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने संविधान में निहित मूल्यों एवं आदर्शों के पालन तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और बंधुता को मजबूत बनाने के लिए निष्ठापूर्वक कार्य करने का संकल्प लिया।

कलेक्टर कार्यालय में आयोजित सामूहिक वाचन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी और संजीव जैन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने संविधान की उद्देशिका का वाचन करते हुए न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता के मूल सिद्धांतों को अपने कार्य और व्यवहार में आत्मसात करने तथा



शासकीय दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

उल्लेखनीय है कि भारतीय संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को संविधान को अंगीकृत किया था। इसी ऐतिहासिक दिन की स्मृति में प्रतिवर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाया जाता है। यह दिवस नागरिकों को संविधान में निहित मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने की प्रेरणा देता है।

50 बोरियों से बोरी बंधान कर जल संरक्षण का दिया संदेश

शहडोल। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल संरक्षण एवं जल संचय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखंड गोहपारू अंतर्गत ग्राम देवदहा के उल्टा नाला पर बोरी बंधान का कार्य किया गया। नवांकुर संस्था वीर सावरकर सेवा समिति, देवरी नंबर-2 एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति देवदहा के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस जल संरक्षण गतिविधि में 50 बोरियों का बंधान किया गया । इस पहल का उद्देश्य वर्षा एवं नालों में बहकर व्यर्थ चले जाने वाले पानी को रोककर उसका अधिक समय तक संचय करना है। बोरी बंधान से नाले में पानी का ठहराव होगा, जिससे आसपास के खेतों में नमी एवं सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बढ़ेगी। साथ ही पशु-पक्षियों एवं अन्य जीव-जंतुओं को भी पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। जल संरक्षण की यह छोटी पहल भविष्य में भूजल स्तर को बनाए रखने और प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण में भी सहायक बनेगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने जल संरक्षण की शपथ लेते हुए संकल्प लिया कि गांवों में बहते हुए पानी को रोकने के लिए अन्य नालों पर भी इसी प्रकार बोरी बंधान किया जाएगा।

महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ

नईदुनिया प्रतिनिधि, उमरिया : प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय रणविजय प्रताप सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जिला स्तरीय युवा उत्सव का शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अमित कुमार निगम ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि युवा उत्सव विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता एवं अभिव्यक्ति को प्रदर्शित करने का एक उत्कृष्ट मंच है।

उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर संभाग स्तर हेतु शुभकामनाएं दी जिला स्तरीय युवा उत्सव के प्रथम दिवस सांगीतिक, साहित्यिक एवं रूपांकन विधाओं की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें जिले अंतर्गत सभी महाविद्यालय से विद्यार्थियों ने उत्साह एवं उमंग के साथ बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

इस अवसर पर सांगीतिक विधाओं ,साहित्यिक पक्ष , वाद विवाद प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, प्रश्न मंच प्रतियोगिता, एकल गायन शास्त्रीय प्रतियोगिता एकल वादन प्रतियोगिता समूह गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस अवसर पर डॉ नियाज़ अंसारी प्राचार्य आदर्श महाविद्यालय ,डॉ पी डी रावत,डॉ. संध्या कुशवाहा, जितेन्द्र कुमार,सुश्री रश्मि सिंह, डॉ. रश्मि रानी तिवारी, सतीश वर्मा, मुजीब उल्ला शेख, डॉ. सौरभ पाण्डे, डॉ एम एन स्वामी सेवानिवृत्त प्रोफेसर, राकेश उर्मालिया , सोहन चौधरी , गुलाब सिंह ठाकुर जितेंद्र गौतम सहित उमरिया जिले से विभिन्न महाविद्यालय से टीम मैनेजर सहित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्पेशल खबर जनगणना-2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों हेतु राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कॉन्फ्रेंस आयोजित

कलेक्टर सभागृह बड़वानी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों ने की सहभागिता

नईदुनिया प्रतिनिधि, बड़वानी : राष्ट्रीय महत्व के कार्य ' जनगणना - 2027 ' के द्वितीय चरण के सफल एवं सुव्यवस्थित क्रियान्वयन की तैयारियों के संबंध में 25 नवंबर 2026 को आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल के स्वर्ण जयंती ऑडिटोरियम में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के संभागायुक्त, जिला कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त सहित अन्य संबंधित अधिकारी सम्मिलित हुए, वहीं कलेक्टर कार्यालय बड़वानी के सभागृह से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी जुड़े।

कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव श्री अशोक बर्णवाल ने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का अत्यंत



महत्वपूर्ण कार्य है। भविष्य की विकास योजनाओं, नीति-निर्माण और संसाधनों के समुचित आवंटन के लिए जनगणना के आंकड़े आधारभूत होते हैं। उन्होंने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया कि वे फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण की व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग करें तथा माइक्रो - प्लानिंग और प्रभावी निगरानी के माध्यम से कार्य की गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा का पूर्णत: पालन सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को मैदानी स्तर पर कार्यों के प्रभावी संचालन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत 10 से 24 जनवरी 2027 तक नागरिकों के लिए स्व-गणना की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। इसके पश्चात 25 जनवरी से 28 फरवरी 2027 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर डिजिटल माध्यम से जनगणना का कार्य संपादित किया जाएगा।

इस राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन में कलेक्टर कार्यालय सभागृह, बड़वानी से जिला पंचायत सीईओ श्री अर्पित गुप्ता, अपर कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, सहायक कलेक्टर श्री माधव अग्रवाल एवं जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

संभाग स्तरीय युवा उत्सव का आज चार जिलों की टीमें लेंगी भाग

शहडोल। खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा संभाग स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 27 नवंबर को जनपद सभागार सोहागपुर में किया जाएगा। उत्सव में शहडोल, अनूपपुर, उमरिया तथा डिण्डोरी जिले की टीमें शामिल होंगी। युवा उत्सव के आयोजन को लेकर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि युवा उत्सव में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के सुचारू संचालन के लिए निर्णायक समिति का गठन जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में किया जाए। प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष एवं व्यवस्थित आयोजन के साथ ही प्रतिभागियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए, ताकि युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिल सके। संभाग स्तरीय युवा उत्सव में लोकगीत, चित्रकला, गायन सहित पांच विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में चारों जिलों के प्रतिभागी अपनी कला एवं प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। संभाग स्तर पर चयनित टीमें राज्य स्तरीय युवा उत्सव में सहभागिता करेंगी।